# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 25 जनवरी 2024

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।
- शंकराचार्य

वर्ष 16 अंक 140 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 17.4°C (-4.6) न्यूनतम 06.5°C(-0.6) सेंसेक्स 70,060.31 (+389.77) निफ्टी 21,453.95 (+215.15) सोना 63,150 चांदी 73,000 मुद्रा - डालर 83.12 दिरहम 22.63 रियाल 22.16




# 56 विद्यार्थियों को दिए गए स्मार्ट फोन

**लखनऊ (सं)।** एरा विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चलायी जा रही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 56 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरण किया गया। एरा विश्वविद्यालय में 56 स्मार्ट फोन के अतिरिक्त कुल 1889 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित भी किये जा चुके है।

इस अवसर पर एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी द्वारा स्मार्ट फोन वितरण कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं हर्ष से भाग लिया। इस

## एरा विश्वविद्यालय

मौके पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुऐ कुलपति ने कहा कि यह समय शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर क्रांति का दौर है, सरकार द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा को मान्यता दी जा रही है इस स्मार्ट फोन का उपयोग कर आप अपनी शिक्षा को सुगमता के साथ ग्रहण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है जिससे आप अपने देश, परिवार एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित कर सकते है।

कार्यक्रम में कुलपति ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलायी जा रही टैबलेट वितरण योजना की सराहना की जिसके द्वारा तमाम छात्र एवं छात्राओं को निरन्तर लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिया पीजी कालेज के केमेस्ट्री विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सरवत तकी भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में एरा विश्वविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. जमाल मसूद, कुलसचिव, प्रो. अनु चन्द्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. तस्लीम रज़ा, डीन फैकल्टी ऑफ साइंस डॉ. ए. के. श्रीवास्तव एवं अन्य संकाय सदस्यों सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन एरा विश्वविद्यालय टैबलेट वितरण योजना के नोडल ऑफिसर डॉ. तबरेज़ जाफर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।